Ashok Mittal
Chief Vigilance Officer (Part-Time)
Telefax: 26598147

सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स
भारत सरकार का दूरसंचार प्रौद्योगिकी केन्द्र
Centre for Development of Telematics
Telecom Technology Centre of Govt. Of India

MESSAGE

Centre for Development of Telematics is observing Vigilance Awareness Week, 2019 from 29th October, 2019 to 2nd November, 2019, as per the guidelines of Central Vigilance Commission (CVC). The central theme for this year is "Integrity A way of life".

Integrity is doing the right thing even when no one is watching. Integrity is a value and the best way of practicing integrity is to make it as a way of life. We all have our personal lives and our working lives, which means that we need to have integrity in all spheres of life whether it is working lives, in our relationship with family, friends and the community at large. The fundamental question that we need to ask ourselves is how do we practice integrity in our daily lives? Firstly, through our words. Secondly, through our actions.

A number of activities have been planned during the week to create awareness amongst C-DoTians and its various stakeholders about the importance of Vigilance.

The main aim of these awareness activities is to reinforce our commitment towards "Zero tolerance" to corruption. This cannot be gainsaid that most of the socio-economic conundrums in our country stem from corruption. It is therefore pivotal that corruption is eradicated from the roots to build a New India of our dreams.

During the last one year, a number of initiatives have been taken by C-DOT to promote transparency and accountability. Filing of regular Annual Immovable Property Returns by all the staff including the new joinees. In line with the core strategy of "Leveraging technology to prevent corruption", actions have been initiated to place tenders through Central Public Procurement Portal or wherever possible procurement through GeM (Government e- Marketplace) in C-DOT.

I take this opportunity to appreciate the efforts made by one and all in implementation of the aforesaid Preventive Vigilance measures. On this occasion, I appeal to all fellow C-DoTians to renew their commitment to integrity and probity in all their public and personal dealings.

(Ashok Mittal)

New Delhi
October 25, 2019

अशोक मित्तल
मुख्य सतर्कता अधिकारी (अंशकालिक)
टेलीफैक्स: **26598147**

सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स
भारत सरकार का दूरसंचार प्रौद्योगिकी केन्द्र
Centre for Development of Telematics
Telecom Technology Centre of Govt. Of India
सी-डॉट
C-DOT

संदेश

सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ़ टेलीमैटिक्स केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के दिशानिर्देशों के अनुसार 28 अक्टूबर 2019 से 2 नवंबर, 2019 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2019 का आयोजन कर रहा है। इस वर्ष का केंद्रीय विषय "ईमानदारी – एक जीवन शैली" है।

जब कोई नहीं देख रहा, तब भी सही काम करना ईमानदारी है। ईमानदारी एक मूल्य है और ईमानदार बने रहने का सबसे अच्छा तरीका, इसे अपनी जीवन-शैली का हिस्सा बना लेना है। हम सभी का व्यक्तिगत जीवन है और हमारा कामकाजी जीवन भी है, अर्थात हमें जीवन के हर पहलू में ईमानदारी बरतने की आवश्यकता है, चाहे वह कामकाज से सम्बंधित हो, या परिवार, दोस्तों और समुदाय के साथ हमारे रिश्तों में ईमानदारी हो। मूल प्रश्न जो हमें खुद से पूछना है वह कि हम अपने दैनिक जीवन में ईमानदार व्यवहार कैसे रखें? सर्वप्रथम अपने वचन से। फिर, अपने कर्म के माध्यम से।

सतर्कता सप्ताह के दौरान सी-डॉट सदस्यों और इससे जुड़े विभिन्न लोगों के बीच सतर्कता के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए कई गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी।

इन जागरूकता गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य भ्रष्टाचार के प्रति "शून्य सहिष्णुता" यानी कदापि बर्दाश्त नहीं करने की हमारी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना है। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि हमारे देश के अधिकांश सामाजिक-आर्थिक मुद्दे भ्रष्टाचार से ही उपजे हैं। इसलिए हमारे सपनों का नया भारत बनाने के लिए भ्रष्टाचार को जड़ से ही मिटा देना महत्वपूर्ण है।

पिछले एक वर्ष के दौरान, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए सी-डॉट ने कई पहलकदमी की हैं। नए सदस्यों सहित सभी कर्मचारियों द्वारा नियमित वार्षिक अचल संपत्ति रिटर्न दाखिल करना। "भ्रष्टाचार को रोकने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने" की मुख्य रणनीति के अनुरूप, सी-डॉट में सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल के माध्यम से निविदा करने या जहाँ भी संभव हो जेम (सरकारी ई-मार्केटप्लेस) के माध्यम से खरीद के लिए कार्रवाई शुरू की गई है।

मैं इस अवसर भ्रष्टाचार रोकथाम के लिए सतर्कता के उपायों की दिशा में आप सभी के प्रयासों की सराहना करता हूँ। इस अवसर पर, मैं सभी साथियों से अपील करता हूं कि अपने सभी सार्वजनिक और व्यक्तिगत व्यवहार में ईमानदारी और सत्यनिष्ठ के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराएँ।

(अशोक मित्तल)

नई दिल्ली
25 अक्टूबर, 2019